भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2596
(16 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

## उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्डधारक

2596. **एडवोकेट प्रिया सरोज:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश में विशेषकर जौनपुर जैसे ग्रामीण जिलों में राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) ऐप में तकनीकी गड़बड़ियों के कारण काम से वंचित और अनुपस्थित चिह्नित किए गए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के जॉब कार्डधारकों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या वर्तमान में उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के अंतर्गत निधि का निवल शेष ऋणात्मक है, जिसके कारण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को मजदूरी मिलने में तीन महीने से अधिक का विलंब हो रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर प्रदेश के जिलों में कितनी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या को वास्तविक समय उपस्थिति अपलोड करने में बाधा के रूप में औपचारिक रूप से दर्ज किया गया है; और

(घ) उन श्रमिकों को मुआवजा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, जिन्होंने शारीरिक श्रम किया था, लेकिन केवल एनएमएमएस ऐप की विफलता के कारण उन्हें मजदूरी नहीं दी गई थी?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क), (ग) और (घ): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र दिनांक 1 जनवरी, 2023 से राष्ट्रीय मोबाइल मॉनिटरिंग प्रणाली (एनएमएमएस) ऐप के माध्यम से सभी कार्यों (व्यक्तिगत लाभार्थी कार्यों को छोड़कर) में कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अंतर्गत एक दिन में दो बार समय-मुद्रित (टाइम-स्टैम्प्ड) एवं जियो-टैग्ड फोटो के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाती है।

एनएमएमएस के कारण श्रमिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई कार्यस्थल नेटवर्क कवरेज क्षेत्र में स्थित नहीं है अथवा किसी अन्य नेटवर्क संबंधी समस्या के कारण उपस्थिति अपलोड नहीं हो पा रही है, तो ऐसी स्थिति में उपस्थिति ऑफलाइन मोड में दर्ज की जा सकती है तथा डिवाइस के नेटवर्क कवरेज क्षेत्र में आने पर इसे अपलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, असाधारण परिस्थितियों में, जिनके कारण उपस्थिति अपलोड नहीं की जा सकी हो, जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा जिला स्तर पर छूट प्रदान किए जाने का भी प्रावधान है, जिसे अब विकेंद्रीकृत करते हुए ब्लॉक स्तर तक कर दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय मोबाइल मॉनिटरिंग प्रणाली (एनएमएमएस) के माध्यम से 99.08 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई है। जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

नरेगा सॉफ्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय मोबाइल मॉनिटरिंग प्रणाली (एनएमएमएस) के माध्यम से 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई है।

(ख): महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार द्वारा मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रोटोकॉल के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में जमा किया जाता है। मंत्रालय द्वारा मजदूरी भुगतान के लिए स्वीकृतियां लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से प्रतिदिन जारी की जाती हैं, जो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से समुचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए प्राप्त निधि अंतरण आदेशों (एफटीओ) पर आधारित होती हैं। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में, पूर्ववर्ती वर्षों की स्वीकार्य लंबित देनदारियों की, यदि कोई हों, भारत सरकार द्वारा विधिवत रूप से प्रतिपूर्ति कर दी जाती हैं। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की सभी देय एवं स्वीकार्य लंबित मजदूरी देनदारियां पहले ही निपटा दी गई हैं (पश्चिम बंगाल राज्य के मामले को छोड़कर)।

सामग्री एवं प्रशासनिक घटकों के संबंध में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भारत सरकार को निधि जारी किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करना अपेक्षित होता है। केंद्र सरकार, "स्वीकृत" श्रम बजट, कार्यों की मांग, प्रारंभिक शेष, निधियों के उपयोग की गति, लंबित देनदारियां, समग्र प्रदर्शन तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा संबंधित दस्तावेजों के प्रस्तुत किए जाने के अध्यधीन, समय-समय पर दो खेपों में निधियाँ जारी करती है, जिनमें प्रत्येक भाग में एक या अधिक किस्तें शामिल हो सकती हैं।

इस योजना के अंतर्गत, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में (दिनांक 11.12.2025 तक), उत्तर प्रदेश को कुल ₹ 8408.05 करोड़ की राशि जारी की गई है, जिसमें ₹6733.93 करोड़ मजदूरी घटक हेतु तथा ₹1674.12 करोड़ सामग्री एवं प्रशासनिक घटकों हेतु सम्मिलित हैं। चूँकि मजदूरी भुगतान की स्वीकृतियां मंत्रालय द्वारा पीएफएमएस (लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से समुचित प्रक्रियाओं के पश्चात प्राप्त निधि अंतरण आदेशों (एफटीओ) के आधार पर प्रतिदिन जारी की जाती हैं, अतः निधि जारी किए जाने की स्थिति प्रतिदिन अद्यतन होती रहती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में (दिनांक 12.12.2025 तक), महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर 99.26 प्रतिशत निधि अंतरण आदेश (एफटीओ) जारी किए गए हैं।

दिनांक 16.12.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2596 के भाग (क), (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिख्ति अनुबंध

| योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में एनएमएमएस एप के माध्यम से वर्ष 2024-25 में भरे गए मस्टर रोल वाले कार्यों का प्रतिशत | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | उत्तर प्रदेश के जिले | पहला पखवाड़ा | | | दूसरा पखवाड़ा | | |
| | | पात्र कार्यों की संख्या | एनएमएमस ऐप के माध्यम से भरे गए मस्टर रोल वाले कार्यों की संख्या | एनएमएमस ऐप के माध्यम से भरे गए मस्टर रोल वाले कार्यों का प्रतिशत | पात्र कार्यों की संख्या | एनएमएमस ऐप के माध्यम से भरे गए मस्टर रोल वाले कार्यों की संख्या | एनएमएमस ऐप के माध्यम से भरे गए मस्टर रोल वाले कार्यों का प्रतिशत |
| 1 | आगरा | 5158 | 5070 | 98.29 | 5934 | 5817 | 98.03 |
| 2 | अलीगढ़ | 6372 | 6224 | 97.68 | 7103 | 6874 | 96.78 |
| 3 | अंबेडकरनगर | 6601 | 6428 | 97.38 | 7257 | 7084 | 97.62 |
| 4 | अमेठी | 6685 | 6676 | 99.87 | 7453 | 7432 | 99.72 |
| 5 | अमरोहा | 6885 | 6834 | 99.26 | 7470 | 7416 | 99.28 |
| 6 | औरैया | 4685 | 4588 | 97.93 | 5302 | 5198 | 98.04 |
| 7 | अयोध्या | 10639 | 10344 | 97.23 | 11467 | 11148 | 97.22 |
| 8 | आजमगढ़ | 14414 | 14341 | 99.49 | 14551 | 14445 | 99.27 |
| 9 | बागपत | 660 | 659 | 99.85 | 653 | 652 | 99.85 |
| 10 | बहराईच | 10663 | 10486 | 98.34 | 11680 | 11453 | 98.06 |
| 11 | बलिया | 5328 | 5280 | 99.10 | 6124 | 6054 | 98.86 |
| 12 | बलरामपुर | 7606 | 7502 | 98.63 | 8127 | 8000 | 98.44 |
| 13 | बाँदा | 2196 | 2192 | 99.82 | 2772 | 2757 | 99.46 |
| 14 | बाराबंकी | 11787 | 11785 | 99.98 | 12221 | 12219 | 99.98 |
| 15 | बरेली | 9113 | 8977 | 98.51 | 9960 | 9792 | 98.31 |
| 16 | बस्ती | 14518 | 14434 | 99.42 | 15104 | 14986 | 99.22 |
| 17 | बिजनौर | 9161 | 9150 | 99.88 | 9485 | 9460 | 99.74 |
| 18 | शाहजहांपुर | 7893 | 7740 | 98.06 | 8311 | 8160 | 98.18 |
| 19 | बुलन्दशहर | 2882 | 2875 | 99.76 | 2666 | 2654 | 99.55 |
| 20 | चंदौली | 8096 | 7978 | 98.54 | 8575 | 8420 | 98.19 |
| 21 | चित्रकूट | 1224 | 1224 | 100.00 | 1328 | 1328 | 100.00 |
| 22 | देवरिया | 7614 | 7589 | 99.67 | 8070 | 8026 | 99.45 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | एटा | 6165 | 6021 | 97.66 | 6743 | 6602 | 97.91 |
| 24 | इटावा | 3398 | 3348 | 98.53 | 3709 | 3623 | 97.68 |
| 25 | फर्रुखाबाद | 4272 | 4272 | 100.00 | 4648 | 4648 | 100.00 |
| 26 | फ़तेहपुर | 4494 | 4407 | 98.06 | 4572 | 4465 | 97.66 |
| 27 | फिरोजाबाद | 7288 | 7234 | 99.26 | 8089 | 8008 | 99.00 |
| 28 | गौतमबुद्धनगर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | गाजियाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | गाजीपुर | 7592 | 7541 | 99.33 | 8140 | 8057 | 98.98 |
| 31 | गोंडा | 7252 | 7233 | 99.74 | 7801 | 7783 | 99.77 |
| 32 | गोरखपुर | 10958 | 10833 | 98.86 | 11197 | 11019 | 98.41 |
| 33 | हमीरपुर | 3719 | 3719 | 100.00 | 4052 | 4052 | 100.00 |
| 34 | हापुड | 1044 | 1043 | 99.90 | 1024 | 1023 | 99.90 |
| 35 | हरदोई | 12674 | 12571 | 99.19 | 14028 | 13853 | 98.75 |
| 36 | हाथरस | 3495 | 3488 | 99.80 | 3938 | 3923 | 99.62 |
| 37 | जालौन | 6003 | 5981 | 99.63 | 6385 | 6327 | 99.09 |
| 38 | जौनपुर | 11591 | 11591 | 100.00 | 12410 | 12410 | 100.00 |
| 39 | झांसी | 3506 | 3439 | 98.09 | 3967 | 3724 | 93.87 |
| 40 | कन्नौज | 4421 | 4338 | 98.12 | 4705 | 4580 | 97.34 |
| 41 | कानपुर देहात | 4526 | 4526 | 100.00 | 4800 | 4800 | 100.00 |
| 42 | कानपुर नगर | 3502 | 3502 | 100.00 | 3888 | 3888 | 100.00 |
| 43 | काशगंज | 3439 | 3436 | 99.91 | 3507 | 3503 | 99.89 |
| 44 | कौशांबी | 2630 | 2530 | 96.20 | 2826 | 2742 | 97.03 |
| 45 | खेरी | 12983 | 12970 | 99.90 | 14145 | 14112 | 99.77 |
| 46 | कुशीनगर | 10001 | 9939 | 99.38 | 11431 | 11283 | 98.71 |
| 47 | ललितपुर | 5053 | 5053 | 100.00 | 5091 | 5090 | 99.98 |
| 48 | लखनऊ | 4576 | 4540 | 99.21 | 5536 | 5479 | 98.97 |
| 49 | महाराजगंज | 8472 | 8454 | 99.79 | 9328 | 9294 | 99.64 |
| 50 | महोबा | 2140 | 2137 | 99.86 | 2274 | 2266 | 99.65 |
| 51 | मैनपुरी | 7887 | 7846 | 99.48 | 8093 | 8036 | 99.30 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | मथुरा | 4126 | 4055 | 98.28 | 4693 | 4557 | 97.10 |
| 53 | मऊ | 7133 | 7133 | 100.00 | 7574 | 7574 | 100.00 |
| 54 | मेरठ | 2961 | 2886 | 97.47 | 3077 | 2966 | 96.39 |
| 55 | मिर्जापुर | 7750 | 7750 | 100.00 | 8397 | 8397 | 100.00 |
| 56 | मुरादाबाद | 5622 | 5600 | 99.61 | 6461 | 6447 | 99.78 |
| 57 | मुजफ्फरनगर | 4834 | 4834 | 100.00 | 5146 | 5146 | 100.00 |
| 58 | पीलीभीत | 5270 | 5225 | 99.15 | 5936 | 5832 | 98.25 |
| 59 | प्रतापगढ़ | 10602 | 10540 | 99.42 | 10591 | 10445 | 98.62 |
| 60 | प्रयागराज | 13012 | 12939 | 99.44 | 13687 | 13605 | 99.40 |
| 61 | रायबरेली | 11431 | 11396 | 99.69 | 12639 | 12609 | 99.76 |
| 62 | रामपुर | 7030 | 6954 | 98.92 | 7746 | 7654 | 98.81 |
| 63 | सहारनपुर | 5848 | 5769 | 98.65 | 6493 | 6406 | 98.66 |
| 64 | संभल | 5960 | 5736 | 96.24 | 6196 | 5978 | 96.48 |
| 65 | संतकबीरनगर | 5902 | 5889 | 99.78 | 6157 | 6127 | 99.51 |
| 66 | संत रविदास नगर | 3022 | 3016 | 99.80 | 2996 | 2994 | 99.93 |
| 67 | शाहजहांपुर | 7376 | 7373 | 99.96 | 7979 | 7974 | 99.94 |
| 68 | शामली | 1712 | 1648 | 96.26 | 1917 | 1820 | 94.94 |
| 69 | श्रावस्ती | 3770 | 3769 | 99.97 | 3787 | 3784 | 99.92 |
| 70 | सिद्धार्थनगर | 9818 | 9769 | 99.50 | 10059 | 9971 | 99.13 |
| 71 | सीतापुर | 15371 | 15286 | 99.45 | 17003 | 16856 | 99.14 |
| 72 | सोनभद्र | 7005 | 7005 | 100.00 | 7350 | 7350 | 100.00 |
| 73 | सुल्तानपुर | 8762 | 8744 | 99.79 | 8131 | 8099 | 99.61 |
| 74 | उन्नाव | 8489 | 8488 | 99.99 | 9218 | 9217 | 99.99 |
| 75 | वाराणसी | 4202 | 4173 | 99.31 | 4703 | 4676 | 99.43 |
| | **कुल** | **490269** | **486345** | **99.20** | **525876** | **520449** | **98.97** |

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)